B.S.N.V. PG COLLEGE (KKV)
UNIVERSITY OF LUCKNOW
STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DR. SANJAI MISRA
PRINCIPAL
EMAIL: bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513
DATE: 26/09/2023

एकात्म मानववाद पर संगोष्ठी का आयोजन

बी०एस०एन०वी० पी०जी० कॉलेज (के०के०वी०) लखनऊ में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान अवध प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर "भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में एकात्म मानववाद" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा, महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री टी एन मिश्र एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० संजय मिश्रा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री टी०एन० मिश्र ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता जताई। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संयोजक प्रोफेसर जयशंकर पांडेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान अवध प्रान्त के सचिव डॉ मञ्जुल त्रिवेदी ने संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय सनातन परंपरा को युगानुकूल रूप में प्रतिपादित करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानववाद की अवधारणा दी। यह भारतीय ज्ञान परंपरा का ही प्रवर्तन है।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि एकात्मक मानववाद के मूल में "मानव" है।

इस दौरान उन्होंने विज्ञान एवं मानविकी के विभिन्न उदाहरणों के द्वारा एकात्म मानववाद की अवधारणा को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों से ही प्रेरित होकर भारत सरकार ने अनेक अंत्योदय

योजनाओं का संचालन किया है। किसी भी समृद्ध समाज के लिए यह आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी व्यवस्था के केंद्र में लाने के प्रयास किए जाएं जिस हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार विशेष प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम के अंत में रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर इंद्रेश शुक्ल द्वारा धन्यवाद व्यापित किया गया इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ विभिन्न शिक्षकगण प्रो० रामकुमार, प्रो० देवेंद्र गुप्त, प्रो० प्रणव मिश्र, प्रो० उमेश सिंह, प्रो० विजय कुमार, डॉ अभिषेक उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चारबाग, लखनऊ

विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान (अवध प्रांत)
बी एस एन वी पी जी कालेज, लखनऊ

B.S.N.V. PG COLLEGE (KKV)

UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

In Paper News

आयोजन

पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर शैक्षणिक संस्थानों में हुए कार्यक्रम

अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय मिलना अंत्योदय

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। किसी भी समृद्ध समाज के लिए यह आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी व्यवस्था के केंद्र में लाने के प्रयास किए जाएं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार वर्तमान समय में भी प्रासंगिक हैं। भारतीय दृष्टिकोण विश्व में मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। ये बातें लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनूप भारतीय ने कहीं। वह सोमवार को पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर शोध पीठ की ओर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विभाग व एक कोशिश ऐसी भी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें लविवि के एनसीसी 64 ... के कैडेट्स, विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ... कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रो. राज ... सिंह, प्रो. डीके सिंह, प्रो. राकेश द्विवेदी, ... कुमार, डॉ. रोहित मिश्र, डॉ. रजनीश ... व चंद्रशेखर वर्मा आदि मौजूद रहे।

पं. दीनदयाल की जयंती पर लविवि में लगा रक्तदान शिविर। अमर

भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित की गई संगोष्ठी। अमर

- भाषा विवि में पं. दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ की ओर से राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता सह संगठन मंत्री विद्या भारती यतीन्द्र कुमार ने कहा कि पं. दीन दयाल ने भारतीय संस्कृति के दर्शन को ही अंतिम व्यक्ति का दर्शन बताया। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा कि विभिन्न कालखंड में समाज में दिशा देने के लिए महापुरुषों का आगमन होता रहा है। समाज के नीचे और ऊपर के व्यक्ति को आपस में जोड़कर ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि माधवेंद्र सिंह, प्रो. चंदना डे, डॉ. लक्ष्मण सिंह, प्रो. सैय्यद हैदर अली, डॉ. प्रवीन राय, डॉ. पूनम चौधरी व डॉ. रमेश वर्मा मौजूद रहे।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रश्मि बिश्नोई ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. शिवानी श्रीवास्तव ने दिया। इस मौके पर प्राध्यापक डॉ. संजय बरनवाल, डॉ. विशाल प्रताप सिंह, डॉ. सपना जायसवाल व डॉ. क्रांति सिंह आदि मौजूद रहीं।
- बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान अवध प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर ''भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में एकात्म मानववाद'' विषय पर संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय प्रो. देवेंद्र शर्मा ने कहा कि पं. दीन दयाल समाज के अंतिम व्यक्ति को विकसित और खुश देखना चाहते थे। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा, टीपीन मिश्रा, डॉ. मञ्जुल त्रिवेदी, प्रो. जयशंकर पांडेय सहित महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

B.S.N.V. PG COLLEGE (KKV)
UNIVERSITY OF LUCKNOW
STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

एकात्म मानववाद के मूल में मानव: देवेंद्र शर्मा

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज (केकेवी) में संगोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि रामस्वरूप मेमोरियल विवि के कुलपति प्रो. देवेंद्र शर्मा, केकेवी की प्रबंध समिति अध्यक्ष टीएन मिश्र प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा रहे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व पर बात की।

एक नजर में

केकेवी में पं. दीनदयाल उपाध्याय पर संगोष्ठी

जासं लखनऊ : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कालेज (केकेवी) में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान अवध प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। 'भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोक में एकात्म मानववाद' विषय पर हुई संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि के रूप मे श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा, महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष टीएन मिश्र एवं प्राचार्य प्रो. संजय मिश्रा उपस्थित रहे।

Prof. Sanjai Misra
(Principal)